महासागर की ओर जानेवाले कुल यातायात का क्रमश: 44% एवं 56% इसी नहर मार्ग से होकर गुजरता है । अमेरिका के आंतरिक व्यापार में भी इस नहर के प्रभाव से अभूतपूर्व विकास हुआ है । क्योंकि अमेरिका के पूर्वी एवं पश्चिमी तट काफी निकट आ गए ।

इस नहर के अंतर्गत दक्षिण अमेरिका का पश्चिमी तट खनिज संसाधनों से परिपूर्ण है तथा उत्तर अमेरिका और यूरोप उद्योग प्रधान महादेश हैं । अत: पश्चिमी दक्षिणी अमेरिका से इन इलाकों में कच्चे माल का निर्यात पनामा नरह मार्ग से किया जाता है । जो इस जलमार्ग की सबसे बड़ी विशेषता है ।

यही नहीं, यूरोप के पश्चिमी तटीय क्षेत्र से जहाजों के लिए यह मार्ग न्यूजीलैंड एवं आस्ट्रेलिया जाने का सबसे छोटा मार्ग बन गया है । यूरोप के अन्य क्षेत्र स्वेज मार्ग का अधिक उपयोग इस दृष्टि से करते हैं जो आयातित माल, उस सामान के मूल्य, गुणवता, उर्जा तथा बंदरगाहों की उपलब्धता के कारण है ।

दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी भाग से निर्यातित कुल माल का 66% भाग उत्तर अमेरिका के पूर्वी भाग तथा 21% भाग यूरोप को जाता है । शेष भाग में से बराबर-बराबर हिस्सा दक्षिण अमेरिका के पूर्वी भाग एवं एशिया को जाता है । दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी भाग से अधिकांश माल उत्तर अमेरिका के पूर्वी भाग जाने के कई कारण है । इनमें से कुछ मुख्य कारण है–

1. दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तटीय देशों से लोहा, ताँबा तथा अन्य खनिजों का निष्कर्षण अधिकांशत: उत्तरी अमेरिका की बड़ी-बड़ी कंपनियों में होता है ।
2. दक्षिण अमेरिका के इस क्षेत्र से मुख्यत: कच्चे माल का निर्यात होता है जिसका शोधन परिष्करण एवं औद्योगिक वस्तु निर्माण में उपयोग उत्तरी अमेरिका के पूर्वी भाग में होता है ।
3. उत्तरी अमेरिका की पूँजी का विनियोग या निवेश भी दक्षिणी अमेरिका के पश्चिमी क्षेत्रों में हुआ है । यही नहीं, यहाँ परिवहन भी अधिकांशत: उतरी अमेरिका की कंपनियां द्वारा होता है ।
4. दक्षिण अमेरिका का पश्चिमी तट खनिज संसाधनों से परिपूर्ण है । यहाँ से कच्चा माल उत्तरी अमेरिका के अलावे यूरोप के देशों में भी भेजा जाता है ।

मूलत: दक्षिण अमेरिका का पश्चिमी तट खनिज संसाधनों से परिपूर्ण है जबकि उत्तरी अमेरिका एवं यूरोप उद्योग प्रधान देश है । यही कारण है कि कच्चे माल का बहुतायत में निर्यात दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तटीय देशों से उत्तरी अमेरिका के पूर्वी भागों को किया जाता है । यह पनामा नहर की सबसे बड़ी विशेषता है । इस प्रकार पश्चिमी दक्षिणी अमेरिका का आर्थिक विकास पिछले कुछ दशकों की कहानी है ।

पनामा नहर निर्माण के साथ ही कई नए मार्गों का भी विकास हुआ है । जिनमें मुख्य है–

1. पश्चिमी यूरोप से आस्ट्रेलिया एव न्यूजीलैंड मार्ग ।
2. पश्चिमी यूरोप से दक्षिणी अमेरिका का पश्चिमी तट मार्ग ।
3. पूर्वी उतरी अमेरिका से पश्चिमी उत्तरी अमेरिका मार्ग ।
4. पूर्वी उत्तरी अमेरिका से पश्चिमी दक्षिणी अमेरिका मार्ग ।
5. पूर्वी उत्तरी अमेरिका से आस्ट्रेलिया एवं न्यूजीलैंड ।

पनामा नहर द्वारा पश्चिम की ओर जानेवाले जहाज उत्तरी अमेरिका के पूर्वी तट तथा पश्चिमी यूरोप से वहुत सी प्रकार की निर्मित सामग्रियाँ ले जाती है ।

पूर्वी अमेरिका से खाद्य पदार्थ एवं कोयला, ब्राजील से कॉफी, वेनेजुएला से पेट्रोलियम एवं जमैका से एल्युमीनियम उत्तरी एवं दक्षिण अमेरिका के पश्चिमी तटों पर पहुँचते हैं ।

इस नहर द्वारा आस्ट्रेलिया से ऊन, मक्खन, पनीर, खालें, शीसा, जस्ता एवं अन्य धातुएँ उतरी अमेरिका के पूर्व: भाग को जाती है । न्यूजीलैंड से ऊन, पनीर, तथा मक्खन निर्यात होता है ।

संयुक्त राज्य अमेरिका से कोयला, कोक, लौह-इस्पात का स्क्रैप फास्फेट्स तथा कपास का निर्यात जापान को होता है ।

दक्षिण अमेरिका के अंतर्गत ब्राजील से कॉफी, वेनेजुएला से पेट्रोलियम, जमैका से एल्युमीयिम, कोलंबिया से कॉफी एवं पेट्रोलियम, बोलिविया से खनिज-उत्पाद, चिली से ताँबा, जस्ता एवं टीन, इक्वेडोर से सिनकोना तथा पेरु एवं चिली से नाइट्रेट का व्यापार इसी पनामा नहर मार्ग से किया जाता है ।